सुप्रभात

शुक्रवार 10.01.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 260

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

## स्पीड न्यूज

### पाइप के लीकेज से बने गड्ढे की मरम्मत शुरू



**जोड़ापोखर।** फुसबंगला भागाबांध मुख्य मार्ग पर जामाडोबा पुटकी चौक के निकट दो माह से झमाडा जल संयंत्र केंद्र की पाइप लीकेज के कारण सड़क पर डेढ़ फीट का गड्ढा बन गया है, जिससे सैकड़ों गैलन शुद्ध पानी बर्बाद हो रहा है। राहगीरों को भी आने जाने में समस्या हो रही है। कई बार दो पहिया वाहन चालक उस गड्ढे में फंस गए और कई लोग चोटिल हो गए। हलाकि झमाडा कर्मियों द्वारा गुरुवार को उस जगह पर लीकेज की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।

### एगयारकुंड में लगाया गया मुफ्त जांच शिविर



**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत भवन में गुरुवार का सुबह 11 बजे मुफ्त जांच शिविर लगाया गया। शिविर में खांसी, शरीर में कमजोरी, थकावट, शुगर, बुखार या अन्य तरह की बीमारी की जांच हुई। ईसीएल के डॉक्टर ने जांच की। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने मुफ्त में जांच कराई। लोगों को मुफ्त में दवा भी दी गई। शिविर में मुखिया अजय कुमार राम, वार्ड सदस्य बप्पा गोस्वामी, मधुसूदन बाउरी, ममता बाउरी, मनोज राम, दिया कुमारी, मनोज राजवंशी, पूजा देवी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ लगातार दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद। पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी मुनीडीह निवासी अजय कुमार बाउरी को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए दस जनवरी की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के मां की शिकायत पर पुटकी थाने में 8 मई 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 25 दिसंबर 21 को आरोपी ने पीड़िता को शादी करने की बात कही और उसके साथ झूठा प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। प्राथमिकी में आरोप है कि इसके बाद आरोपी 16 अप्रैल 24 और उसके बाद कई और दिन तक पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता रहा। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 16 जून 24 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 26 जून 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने इस मामले में सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

# गणतंत्र दिवस पर धनबाद में होगा रंगारंग कार्यक्रम, निकलेगी आकर्षक झांकियां

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल मुख्यालय धनबाद में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम होगा। विभिन्न प्लाटूनों के परेड और विभान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस संबंध में आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय के सभागार में बैठक हुई और आयोजनों को अंतिम रूप दिया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री मिश्र ने कहा कि पूर्व की भांति जिला स्तरीय मुख्य समारोह रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में होगा। इसमें विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड और विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी कर्मी, पुलिस पदाधिकारी, राजस्व कर्मी, पंचायत सेवक, जनसेवक को सम्मानित किया जाएगा। शाम में न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**▸▸ रणधीर वर्मा स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह**

**▸▸ टाउन हाल में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम**



**ये लोग भी उपस्थित थे** बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, डीएसपी शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, सहायक श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार, नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी के अलावा टाटा स्टील, बीसीसीएल, एमपीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

उन्होंने सभी विभागों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को झांकी में दर्शाने तथा झांकी में उत्कृष्ट एवं अच्छे संदेश प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। झांकी से पूर्व विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा ड्रील किया जाएगा।गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला सशस्त्र बल, झारखंड सशस्त्र बल, एनसीसी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, होमगार्ड के प्लाटूनों द्वारा परेड में हिस्सा लिया जाएगा। परेड का पूर्वाभ्यास 20 जनवरी से 23 जनवरी तक किया जाएगा। वहीं 24 जनवरी को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक फाइनल पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करेंगे।

कार्यक्रम के मुताबिक गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में सुबह 9:00 बजे उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त द्वारा समाहरणालय में सुबह 10:30 बजे, मिश्रित भवन में उप विकास आयुक्त द्वारा सुबह 10:45 बजे, अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सुबह 10:50 बजे, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सुबह 11:00 बजे, पुलिस लाइन में वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा 11:10 बजे तथा गांधी सेवा सदन में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर द्वारा 11:30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

### इन विभागों की निकलेगी झांकियां

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उत्पाद विभाग, टाटा स्टील जामाडोबा, बीसीसीएल, जिला शिक्षा अधीक्षक सर्व शिक्षा अभियान, वन विभाग, अग्निशामक विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, डीआरडीए, आईसीडीएस, जनसंपर्क विभाग, आपूर्ति विभाग, गव्य विभाग, धनबाद नगर निगम, जेएसएलपीएस, सहकारिता, बैंकिंग सुविधाओं से संबंधित अग्रणी जिला प्रबंधक, पीएचडी, परिवहन, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। बैठक में मुख्य समारोह स्थल की साफ सफाई, सौंदर्यीकरण, मुख्य समारोह स्थल की घेराबंदी, सुरक्षा, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर विद्युत साज सज्जा आदि को लेकर विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई।

# एचएमपीवी वायरस से डरने की नहीं सतर्क रहने की जरूरत : डॉ राजकुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** एचएमपी वायरस को लेकर चीन से सोशल मीडिया पर आ रही खबरों से लोग कोरोना की तरह ही पैनिक हो रहे हैं। लेकिन उन्हें पैनिक होने के जरूरत नहीं है। कोरोना संक्रमण काल से अब तक डिस्ट्रिक्ट सर्विलांस टीम के हेड व सदर अस्पताल के प्रभारी डॉ राजकुमार सिंह ने बताया कि चीन से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों से लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। इस तरह की स्थिति हमारे यहां नहीं है। अभी हम लोग बहुत अच्छे से हैं। इससे बचने के जो भी संसाधन चाहिए, वह सभी चीजें हमारे पास मौजूद हैं. हमारे अस्पतालों में आईसीयू, वेंटिलेटर जैसे हर तरह के इक्विपमेंट मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कोविड में हमलोग काफी परेशान थे।




वर्तमान की स्थिति में काफी परिवर्तन हुआ। उस समय के हालात अलग थे और अभी के हालात अलग हैं। ज्यादातर अस्पतालों में पीसीएस प्लांट के साथ ही एलएमओ प्लांट भी है। इसके साथ ही हर एक बेड तक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था है। इसलिए लोगों से आग्रह है कि वह पैनिक ना हों। डॉ राजकुमार ने कहा कि यह बीमारी एक फ्लू टाइप की है। सामान्यतः मौसम में परिवर्तन के समय सर्दी-खांसी की तरह ही है।

डॉ राजकुमार ने कहा कि लोगों को लगातार एक ही चीज बार-बार सिखाई जा रही है। मास्क पहन कर रहना, हाथों को धोना, भीड़भाड़ से दूर रहना. इन्हीं सभी चीजों का पालन करना जरूरी है। यह सभी चीज हम लोगों की दिनचर्या में शामिल हैं। कोविड के प्रोटोकॉल को हमेशा फॉलो करते रहें और संक्रमण जैसी चीजों से दूर रहें। उन्होंने बताया कि सर्दी-खांसी कभी गले में दर्द की शिकायत इस बीमारी के लक्षण हैं। हाई फीवर भी रहता है, इससे डरने की जरूरत नहीं है। इसके कुछ टेस्ट हैं वह टेस्ट करा कर भी देख सकते हैं।

## एक नजर में

### आदर्श सेवा संस्थान की विंग संयुक्त बस्ती समिति का मिलन समारोह



**जोड़ापोखर।** आदर्श सेवा संस्थान की विंग संयुक्त बस्ती समिति का मिलन समारोह डिगवाडीह 12 नम्बर महात्मा गांधी विद्यालय में आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बबन कुमार ने की। मुख्य अतिथि रितु खलको ने कहा कि समिति पूरे झारखंड में घूम घूम कर शहरी क्षेत्र में गरीब लोगों की पहचान करती है। इसके बाद सरकारी लाभ की जानकारी दे कर जागरूक करती है और गरीबों को लाभ दिलाती हैं। संस्थान की स्थापना 1987 में हुई है। रांची के ही अविनाश कुमार ने कहा कि समिति गरीबों के काम में उत्पन्न बाधा को दूर करती हैं। धनबाद श्रम विभाग के श्रमिक मित्र असीम बावरी ने कहा कि मजदूरों, गरीबों को श्रम कार्ड बनाने में जो भी मुश्किल होती है, उसको दूर किया जायेगा। अध्यक्ष बबन कुमार ने कहा कि जिले में 20 गावों का चयन किया गया है, जिसमें गरीबों के लिए जो भी काम है, उसको इसी वर्ष ही पूरा किया जाएगा। बिचार व्यक्त करने वालों में पूर्व पार्षद विनय रजवार, रामबालक साव, दिलीप कुजूर, निरंजन महतो, मनोज साव, कुंदन पासवान आदि शामिल हैं।

### जामाडोबा गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई, सजा दीवान



**जोड़ापोखर।** जामाडोबा6/7 पिट्स गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह की 358 वीं जयंती प्रकाश उत्सव के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा की अलौकिक सजावट की गई थी। गुरु के दीवान सजाए गए थे। मुख्य अतिथि झरिया विधायक रागिनी सिंह पहुंची और माथा टेका। इस अवसर पर स्त्री संगत द्वारा सुखमनी साहब का पाठ, सहज पाठ किया गया। पाठ में गुरमीत कौर, पिंकी कौर, रेणु कौर, राजविंदर कौर आदि शामिल थी। पंजाब से पधारे सरदार मलकीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब बिहार में हुआ था। वह सिख समाज के दसवें गुरु थे। उन्होंने देश में हो रहे अन्याय, अत्याचार, पाप को खत्म करने के लिए मुगलों के साथ कई बार युद्ध लड़ा। उन्होंने कहा था सवा लाख से एक लड़ाऊं, तभी गोविंद सिंह नाम कहाऊं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने लंगर भी छका। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान सरनजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, रविन्द्र सिंह, सरबजीत सिंह आदि शामिल थे।

### परघा के किसान की बेटी जिशु कुमारी दे का बीएसएफ में चयन



**धनबाद।** परघा के किसान निर्मल चन्द्र मोदक की बेटी जिशु कुमारी दे का जलपाईगुड़ी में बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर चयन होने से बलियापुर में हर्ष का माहौल है। जिशु ने मैट्रिक की तैयारी मदर टेरेसा स्कूल रांगामाटी से की और परीक्षा पास करने के बाद डिप्लोमा इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। वह पुणे में इंजीनियर की नौकरी कर रही थी। हाल ही में एसएससी जीडी प्रतियोगिता परीक्षा में उन्हें सफलता मिली। जिशु 21 जनवरी को जलपाईगुड़ी में बीएसएफ में योगदान देंगी। मां लक्ष्मी मोदक गृहिणी हैं। जिशु को बधाई देने वालों में सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो, भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदन धर्मजीत सिंह, प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया धर्मेंद्र रवानी, पूर्व मुखिया संतोष रवानी, अल्ताफ खान, रफीक अंसारी आदि शामिल हैं।

### अनुबंधित चिकित्सकों का वेतन भुगतान नहीं हुआ तो आईएमए करेगा आंदोलन



**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के वरीय चिकित्सकों के बकाया वेतन को लेकर गुरुवार को आईएमए के सचिव डा सुशील कुमार ने अस्पताल के अधीक्षक डॉ एसके चौरसिया से वार्ता की। पिछले चार माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने से चिकित्सकों की आर्थिक परेशानियों से अवगत कराया। इस संबंध में अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि उनकी समस्या पत्र के माध्यम से सरकार तक पहुंचाएंगे। डॉ सुशील कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यहां करीब 60 सीनियर रेजिडेंट अनुबंध पर अपनी सेवा दे रहे हैं। मांग है कि सरकार सात दिनों के भीतर सभी सीनियर रेजिडेंट का बकाया पैसे का भुगतान करे। उन्होंने बताया कि सात दिनों के भीतर सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### पांच वर्षीय सुदीप की हत्या, चचेरे दादा-दादी पर लगा आरोप



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के देवरी थाना क्षेत्र के चोलीडीह गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पांच वर्षीय मासूम सुदीप कुमार यादव की हत्या कर दी गई। बच्चे का शव गांव के बुढ़वा आहर तालाब के पास बरामद किया गया, और हत्या का आरोप उसके चचेरे दादा व दादी पर लगाया गया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। मृतक सुदीप की मां, कंचन देवी ने बताया कि बुधवार को उनके चाचा ससुर परशुराम यादव और चाची सास सावित्री देवी से उनका विवाद हुआ था, जिसके बाद सुदीप शाम करीब साढ़े छह बजे घर से गायब हो गया। अगले दिन सुबह उसका शव तालाब के पास मिला। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू और एएसआई बुद्धदेव उरांव ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## कोयला चोरी के खिलाफ भाकपा माले ने खोला मोर्चा

### प्रेस वार्ता में प्रबंधन और प्रशासन को दी चेतावनी




**▸▸ कोल इंडिया के ईसीएल व बीसीसीएल में कोयले की लूट मची हुई है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** निरसा क्षेत्र अंतर्गत ईसीएल की कोलियरियों से कोयला लूट के सवाल पर आज गुरुवार को भाकपा माले की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में हुआ। माले की राज्य कमेटी के सदस्य सह निरसा एरिया सचिव नागेन्द्र कुमार ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि धनबाद जिला कोयला राजधानी के रूप में जाना जाता है। कोल इंडिया के ईसीएल व बीसीसीएल दो समूह हैं और दोनों समूहों में कोयले की लूट मची हुई है। दिन रात छोटी बडी गाड़ियों से अवैध कोयला अगल-बगल के भठ्ठों में जा रहा है। बरमुडी व कुमारधुवी के ईसीएल अधिकारी व प्रशासन के लोग आना-जाना करते इसके बावजूद इसी रोड से सैंकड़ों छोटी बडी गाडियों से अवैध कोयला रात के अंधेरे में ट्रैक्टर से प्रतिदिन जाता है, लेकिन प्रबंधन व प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। यह चुप्पी कोलयरियों की सेहत के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसी चुप्पी को तोडने के लिए आज प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया है। वही प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये कहना चाहते है कि ईसीएल मुगमा एरिया के कोलियरियों में अवैध माइंस और कोलियरियों के उत्पादन वाले कोयले की लूट पर तत्काल रोक लगाई जाए, नही तो जन कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर राज्य कमेटी सदस्य कृष्णा सिंह, श्रीकांत सिंह, जिला कमेटी सदस्य मनोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह, जगदीश शर्मा, अखिलेश्वर झा, असीम घोष, अभय सिंह आदि मौजूद थे।

# खंडोली डैम के चारों तरफ कनेक्टिविटी पर होगा काम : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड स्थित खंडोली डैम का उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण कर पर्यटन स्थल को विकसित करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बेंगाबाद, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि डैम के नीचे नदी पर पुल का निर्माण कराया जाएगा ताकि पर्यटकों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही पर्यटक नदी के इस पार से उस पर का आनंद उठा सके। इसके अलावे मधवाडीह से खंडोली मोड़ को जोडने वाली बाईपास पथ का भी निर्माण कराया जायेगा तथा बरियारपुर तक कॉरिडोर बनाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के लिए इसे और भी आकर्षक बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि खंडोली डैम में आने वाली विदेशी पक्षियों के लिए रहने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही साथ वन विभाग के द्वारा खंडोली डैम के उत्तर किनारे पौधारोपण का कार्य किया जाएगा।




**खास बातें** निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बताया कि खंडोली पर्यटन स्थल को विकसित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही साथ खंडोली डैम के सौंदर्यीकरण को लेकर सभी जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य खंडोली डैम को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों के लिए सुविधा के लिए खंडोली डैम के सौंदर्यीकरण लिए व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही है। खंडोली डैम के चारों तरफ कनेक्टिविटी पर काम किया जायेगा। डैम के चारों तरफ पर्यटक घुमकर प्राकृतिक घटा का आंनद उठा सके इसके लिए पहुंच पथ का निर्माण कराया जायेगा।

# अनाथ बच्चों को मिला डालसा का सहारा

**▸▸ स्पॉन्सरशिप योजना के तहत दिलाई पढ़ाई लिखाई की राशि**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश व अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन के आदेश पर डालसा द्वारा गठित चाइल्ड केयर यूनिट के सदस्यों द्वारा चार गरीब अनाथ बच्चों को चिन्हित किया गया जिनके पिता की मृत्यु के बाद इन बच्चों का भोजन, शिक्षा आदि भी दुर्लभ हो गया था। चाइल्ड केयर यूनिट को इसकी सूचना मिली। अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने फौरन कार्रवाई करते हुए एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट के नेतृत्व में टीम को फौरन कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में पीएलबी हेमराज चौहान और टिम ने बच्चों को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं लाभ दिलाने के लिए उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड और स्पॉन्सरशिप स्कीम से जुड़वाने का काम किया जिस कारण बच्चों सहित पूरे परिवार की आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सका जिससे बच्चे अभी आगे की पढ़ाई सुचारू रूप से करना शुरू किया। बच्चों की पढ़ाई तक सरकारी योजना के तहत उन्हें 4000 प्रतिमाह की राशि आवंटित हो गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों बच्चों को बैंक पासबुक प्रदान किया तथा वहीं ठंड से राहत प्रदान करने के लिए उन्हें कम्बल भी दिया गया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे अनाथ बच्चों के लिए डालसा की पूरी टिम हमेशा तत्पर है। इस मौके पर व्यवहार न्यायालय के रजिस्टर आई जेड खान, डिप्टी चीफ एलएडीसीएस अजय कुमार भट्ट, सहायक शैलेन्द्र झा, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार राजेश सिंह, हेमराज चौहान मौजूद रहे।



## पधारो म्हारो आंगन में श्याम बाबा के मधुर भजनों से भक्तिमय हुआ गोल्फ ग्राउंड

# बेटियां ससुराल और मायके के बीच नहीं चाहती विवादः जया किशोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**धनबाद।** खाटू श्याम महराज की जय, बाला जी महाराज की जय, नानी बाई की जयकारों से गुरुवार को शहर का गोल्फ ग्राउंड गूंज उठा। कथा के अंतिम दिन श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में मारवाड़ी समाज की महिलाओं, युवतियों व अन्य लोगों ने बाबा के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन किये।

प्रसिद्ध कथा वाचीका जाया किशोरी ने श्याम बाबा के गुणगान के साथ नानी बाई का मायरा सुनाया। उन्होंने कहा बेटियां शुरू से ही अपने पापा की दुलारी रही हैं। वह सब कुछ सुन सकती हैं, लेकिन अपने बाप का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती। हमारी नानी बाई भी ऐसी ही थी। उनके पिता नरसिंह जी जब बेटी के घर पहुंचे, उनके पास श्याम बाबा की भक्ति के अलावा कुछ भी नहीं था। इसपर ससुराल वालों ने तंज कसा तो नानी बाई ने भी मीठे स्वर में ससुराल वालों को सुना दिया। लेकिन अपने पिता को झुकने नहीं दिया।

जया किशोरी ने कहा कि बेटियां ससुराल और मायके के बीच कोई विवाद नहीं खड़ा करना चाहती हैं। वह अकेले ही सबकुछ सहती है, लेकिन पिता के पास जाने पर अपनी ससुराल की प्रशंसा करते नहीं थकती है। ससुराल को भी इस बात को समझना चाहिए। जैसे आपकी बेटी है, वैसे ही दूसरों की भी बेटियां होती हैं। उन्हें भी मान सम्मान की जरूरत होती है।

इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रसंगों का वर्णन किया। मेरी जिंदगी के सारे पाप धुल जाएंगे, राम आयेंगे, आप की कृपा से मेरे सब काम हो रहे हैं, पधारों म्हारो आंगन में श्याम बाबा आदि भजनों से सबको खूब झुमाया। अंतिम दिन पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से भरा रहा। कई लोग पंडाल के बाहर स्क्रीन पर प्रवचन और भजन का आनंद लेते दिखे। गोल्फ ग्राउंड, एलसी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। पैदल चलने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कमेटी के सदस्य और ट्रैफिक पुलिस भीड़ के आगे विवश नजर आई। ज्ञात हो कि श्री श्याम भक्त मंडल, हीरापुर द्वारा इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## स्पीड न्यूज

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी नेताजी एक्सप्रेस

**धनबाद।** उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में दिल्ली-शाहदरा स्टेशनों के बीच पॉवर एवं ट्रैफिक ब्लॉक के कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। धनबाद एवं गोमो होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12312 कालका- हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस तथा 18102, जम्मू तवी-टाटा एक्सप्रेस 20 जनवरी को आदर्श नगर दिल्ली- नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद के रास्ते चलेगी।

### यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन क्षेत्रीय कमेटी की बैठक

**खलारी।** यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन क्षेत्रीय कमेटी की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मो0 शमीम ने किया। बैठक में पूर्व कमिटी के सदस्यों ने अपना दक्षता उजागर किया। उसके बाद सभी परियोजना के साथियों ने बारी बारी से अपने परियोजना के ज्वलंत समस्याओं से रूबरू कराया। जिसके बाद कमिटि ने ज्वलंत समस्याओ को लेकर प्रबंधन से वार्ता कर हल करने की बात कही। मौके पर क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार, अरविन्द कुमार, दिनेश भर, अशोक राम, जितेन्द्र सिंह, संजय प्रसाद, दिनेश भुइयां, मनोज कुमार, भरत गंजू, मनोज मेहता, रविंद्र पासवान, आनंद तुरी, शिव प्रसाद चौहान, कयामुद्दीन अंसारी, जनार्दन सिंह, सुखदेव उरांव,मयूर गंझू, निरंची कुमार, रणधीर कुमार, रामवेसर साव, अशोक गंजू, लुखदेव उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

### किसुनपुर को हराकर खटंगा सेफा पहुंचा

**ओरमांझी।** शिव शिष्य परिवार द्वारा जयडीहा खेल मैदान में आयोजित दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में गुरूवार को किसुनपुर को हराकर खटंगा की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। क्वटर फाइनल मैच में दोनो टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। विजेता टीम के खिलाड़ी नीरज कुमार ने शानदार मैदानी गोलकर अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। उसे मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व केपीएल खटंगा एंव मुंडा ब्रदर्स पतरातु के बीच खेले गए मैच में खटंगा ने पतरातु को 1-0 से पराजित किया। जिसमें मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी मुना कुमार ने 32 वें मिनट में गोल किया। वहीं एफसी किसुनपुर बुटी का मैच राइट टु कीक चारीहुजीर के साथ हुआ। जिसमें बुटी ने चारीहुजीर को 2-0 से पराजित किया। बुटी के अर्जुन महतो ने 45वें व 49वें मिनट में दो गोल कर अपनी टीम को क्वाटर फाइनल में पहुंचाया था। उसके शानदार खेल प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मांडु विधायक तीवारी महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। मौके पर पूर्व मुखिया बिनोद बेदिया, पंसस प्रवेश भोगता, नवीन कुमार, ग्रामप्रधान शंकर करमाली, सचिव बिनोद कुमार महतो, रामराज महतो, रामप्रसाद सिंह, दीपक नायक, जीवन मुंडा, मोहित करमाली, नीतीश मुंडा, प्रकाश बेदिया, प्रीतम सिंह, प्रदीप बेदिया, दिलेश्वर बेदिया, दिनेश करमाली, कामेष्वर बेदिया, अमरनाथ भोगता, सत्यनारायण मुंडा आदि उपस्थित थें।

# चेम्बर अध्यक्ष ने आयुक्त से की सांढ़ के आतंक से निजात दिलाने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी के शहरपुरा बाजार में इन दिनों एक भारी भरकम सांड के आतंक से व्यवसायी सहित ग्राहक परेशान हैं। सांड़ का आतंक ऐसा है कि उसके आते ही कर्फ्यू जैसा माहौल बन जाता हैऔर किसी अप्रिय घटना की स्थिति बन रही है। सिंदरी के दुकानदारों के आग्रह पर सिंदरी चेम्बर अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने नगर आयुक्त रविराज शर्मा से बात की।

सिंदरी चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि लावारिस सांड के तांडव से त्रस्त लोगों ने इसपर अविलंब कार्यवाही की मांग की है। पूरे बाजार के साथ ग्राहक, राहगीर व सिंदरी की जनता त्रस्त है। जिला चेंबर ने नगर आयुक्त को आवेदन देकर निदान की मांग पहले भी की थी। नगर आयुक्त के आदेश के अनुसार उसे उठाकर बस्ताकोला गोशाला में देना था। उन्होंने बताया कि पुनः नगर आयुक्त से इस संदर्भ में बात हुई है और इसपर अविलंब कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर तय समय पर कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं रह जाएगा।

## गिरिडीह के सभी प्रखंडों में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह गिरिडीह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय, सचिव सोनम बिश्नोई की देख रेख में 9 जनवरी को सभी प्रखंडों के विधिक सहायता केंद्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज गुरुवार को मकतपुर उच्च विद्यालय गिरिडीह में लेखन प्रतियोगिता एवं पेंटिंग का आयोजन किया गया। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है, ताकिअधिक से अधिक हर क्षेत्र के लोग इसका लाभ उठा सकें। वैसे जरूरतमंद लोगों को निशुल्क विधिक सहायता, निशुल्क अधिवक्ता का उपलब्ध कराना, मध्यस्थ कराना, पीड़ित अनुदान योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पी एल बी दिलीप कुमार, अशोक कुमार वर्मा, कामेश्वर कुमार, प्रवीण वर्मा, सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया जाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर साहेबगंज हाइवे पर बांस पहाड़ी के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतक की पहचान जॉनसन मरांडी (25) वर्ष के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जॉनसन मरांडी बाइक से जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक पिकअप वैन ने ठोकर मार दी और युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर गोविंदपुर साहिबगंज हाईवे जाम कर दिया। जानकारी मिलते ही बीडीओ मुरली यादव, सीओ देवराज गुप्ता, थाना प्रभारी मुराद हसन घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर जाम हटाने के

**स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर हटा जाम की मदद**

घटना की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मिल कर उन्हें आर्थिक मदद दी। साथ ही सरकारी मुआवजे को लेकर आश्वासन दिया। तत्काल पीड़ितों के घर राशन पहुंचाया गया।

# जामताड़ा पुलिस ने चोरी की सात बाइक बरामद की, अरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जामताड़ा।** जामताड़ा थाना पुलिस ने शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर सात बाइक बरामद की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई, जिसमें विशेष टीम का गठन किया गया था। गुरुवार सदर थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागोरी ने मामले का खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि जामताड़ा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी पर काबू पाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम का गठन किया था। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर, टीम ने बुधवार को जामताड़ा-धनबाद हाईवे के पोसोई मोड़ के पास बाइक पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। पुलिस ने उनका पीछा किया, तो दो लोग मौके से फरार हो गए, जबकि एक शख्स को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में यह शख्स शातिर अपराधी सहवान अंसारी निकला, जो जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सात मोटरसाइकिल बरामद की। उनमें से एक हीरो सुपर स्पेलण्डर (काले रंग) और छह हीरो रमेलंडर (काले रंग) का है। तीन बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगे हुए थे, जबकि चार अन्य बाइकं बिना नंबर की थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बाइक चोरी पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी का अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस के जासूसों को भी अलर्ट किया गया है, ताकि समय पर सूचनाएं मिल सके और सख्त कार्रवाई की जा सके।

## ट्रक में मिले मवेशी, पशु क्रूरता कानून के तहत मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमातड़ा।** नारायणपुर में मुरलीपहाड़ी गिरीडीह सड़क आशाडीह गांव के समीप पुलिस चेकिग के दौरान एक ट्रक पकड़ा गया, जिसमें ठूंस ठूस कर 16 भैंस एवं 15 बछड़े भरे थे। पुलिस ने ट्रक पर मौजूद दो लोगों को हिरासत में लेकर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

थाना प्रभारी मुराद हसन ने मामला दर्ज कहा है कि चेकिग के दौरान पुलिस अधीक्षक की सूचना के आधार पर आशाडीह गांव के समीप एक ट्रक को पकड़ा गया। उसमें 16 भैंस ठुंसी पड़ी थीं। ट्रक के केबिन से चालक सुनील राजभर,उप चालक रोहित खरवार को हिरासत में लिया गया। दोनों से ट्रक के बारे में पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि वे पशुओं का व्यापार करते हैं। ट्रक में 16 भैंस और 15 बछड़े है, जिनको बक्सर से लेकर मधुपुर आ रहे हैं। थाना प्रभारी ने बाताया की 15 बछड़े में 4 बछड़े मर गया है। चालक सुनील राजभर उप चालक रोहित खरवार,पशु के मालिक,वाहन के मालिक एवं सहयोगी थाना क्षेत्र के शहरपुर गांव निवासी जैनुल अंसारी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत थाना कांड संख्या 2/25 में मामला दर्ज किया गया है।

## रेलवे संरक्षा आयुक्त ने किया सोननगर-पतरातू तीसरी लाईन का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** सोननगर-पतरातू तीसरी लाईन परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 20.55 किमी. लंबे रीचुघुटा-बेन्दि विद्युतीकृत रेलखंड का गुरुवार को पूर्वी सर्किल के संरक्षा आयुक्त सुवोमोय मित्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान स्पेशल ट्रेन द्वारा रीचुघुटा से बेन्दि तक स्पीड ट्रायल किया गया, जो सफल रहा। मौके पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि 291 किमी लंबे सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना वर्ष 2015-16 में 4500 करोड़ की लागत से स्वीकृत की गयी थी। यह बिहार के औरंगाबाद और झारखंड के रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों से होकर गुजरती है। इस परियोजना को अलग-अलग चरणों में पूरा किया जा रहा है। अभी तक कुल 143.55 किमी का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।

# सिंदरी कॉलेज की ओर से कल्याण केन्द्र में इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** बीबीएमकेयू का तीन दिवसीय पांचवां इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कल्याण केन्द्र में सिंदरी कॉलेज की मेजबानी में गुरुवार को शुरू हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी और कॉलेज प्राचार्य डॉ के के पाठक ने किया।

मुख्य अतिथि ने क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया। टूर्नामेंट में बीबीएमकेयू पी जी विभाग, चास कॉलेज चास, गुरुनानक कॉलेज धनबाद और मेजबान सिंदरी कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मैच बीबीएमकेयू पीजी विभाग और सिंदरी कॉलेज सिंदरी के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पीजी विभाग की टीम ने 6 विकेट खोकर 138 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिंदरी कॉलेज ने 5 विकेट खोकर 140 रन बनाकर विपक्षी टीम पर जीत दर्ज की और फाइनल में जगह पक्की कर ली। आयोजक टीम ने बताया कि शुक्रवार को गुरुनानक कॉलेज और चास कॉलेज के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## एक नजर में

### किन्नर समाज के महाधिवेशन में पहुंचे कई समाजसेवी, लिया आशीर्वाद

**धनबाद।** अखिल भारतीय किन्नर समाज के महाधिवेशन के आठवें दिन यानी गुरुवार को कई समाजसेवियों ने शिरकत की। समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी व सचिव श्वेता किन्नर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की। ज्ञात हो कि कोरोना त्रासदी की मन्नत पूरी होने पर किन्नर समाज की ओर से 2 जनवरी से यह आयोजन चल रहा है, जिसका समापन 10 जनवरी को होगा। इस कार्यक्रम में देश विदेश से पांच हजार किन्नर पहुंचे हैं।

### सड़क सुरक्षा : मैथन ओपी प्रांगण में शपथ ग्रहण



**मैथन।** मैथन ओपी परिसर में गुरुवार को सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिसकर्मी और अधिकारियों ने शपथ लिया। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने सभी को शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया है कि गाड़ी चलाते समय नियम कानून का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही सेफ्टी का पूरा ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा इस संबंध में लोगों को भी जागरूक करना चाहिए, ताकि लोग जागरुक होकर कायदे कानून के साथ गाड़ी चलाएं। जिससे दुर्घटना नहीं के बराबर होने की संभावना रहती है। इससे लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। सभी लोगों का कर्तव्य बनता है कि सुरक्षा और नियम कानून का ध्यान रखें।

### आंगनबाड़ी केंद्र टू की सहायिका बनी साजिया खातुन



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के कोरीडीह पंचायत अन्तर्गत महतोडीह में गुरुवार को आंगनबाड़ी सहायिका चयन के लिए आम सभा हुई। चयन प्रक्रिया में बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ मुरली यादव, महिला पर्यवेक्षिका नियोति दास, जिप सदस्य दीपिका बेसरा पंचायत की मुखिया पार्वती हेम्ब्रम समेत ग्रामीण एवं प्रबुद्ध जन मौजूद थे। चयन प्रक्रिया विभागीय निदेर्शों के अनुसार की गई। कुल 4 अभ्यर्थियों ने सहायिका पद के लिए आवेदन किया, जिनमें गुलशन बीबी, इस्मत आफरीन, लाडली खातून और साजिया खातून शामिल थी। उनमें साजिया खातून को सहायिका पद के लिए चयन किया गया। मेट्रिक, इंटर, स्नातक और स्नाकोतर के अंकों के प्रतिशत एवं परिपक्वता के आधार पर चयन किया गया। चयन के बाद बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ ने उन्हें औपबंधिक चयन पत्र दिया।

### डेगाडेगी नदी तट पर मकर संक्रांति मेला में आयोजन को लेकर बैठक



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के डेगाडेगी नदी तट पर मकरसंक्रांति उपलक्ष में (14 जनवरी) मेला आयोजन को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुष्पा खलखो ने किया। बैठक में 14 जनवरी में लगने वाला मेला को सुचारू ढंग से लगाने का सर्वसहमति निर्णय लिया गया। जिसमे मेला आयोजको का एक समिति गठन किया गया। जिसमें संयोजक शेखर बॉस, अध्यक्ष पुतुल देवी, उपाध्यक्ष पुष्पा खलखो, सचिव सुनीता खलखो, उपसचिव महादेव राणा, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गंझू, उपकोषाध्यक्ष बिरजा उरांव, हरेंद्र उरांव, जयनाथ मुंडा, जितेन्द्र पाण्डेय, मुखदेव गोप, राम विलास गोप आदि शामिल है।

### श्मशान काली पुजा 15 को, समिति का पुनर्गठन

**सिल्ली।** सिल्ली पोस्ट आफिस के पिछे डुमरटांड़ स्थित श्मशान काली की बार्षिक पूजा को लेकर राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। आगामी 15 जनवरी को होने वाली बार्षिक पुजा के आयोजन के लिए पुजा समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, भरत विश्वकर्मा व भागवत सोनार को संरक्षक, मनोज रजक को अध्यक्ष, अशोक रजक को सचिव, किशोर रजक को कोषाध्यक्ष। इसके अलावे 15 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। जिसमें सुबोध रजक, दीपक रजक, मिथुन रजक, मुकेश रजक, श्री प्रसाद रजक, आकाश रजक, निमाई रजक, विकास रजक, रोशन लाल रजक, निशांत रजक, मंजित मुंडा, गोपु रजक, लैला रजक, प्रियरंजन रजक, कृष्णा रजक शामिल है।

### इंडियन ऑयल ने मनाया उपभोक्ता दिवस



मांडर। कंदरी स्थित पंकज फियुल पम्प मे गुरुवार को इंडियन ऑयल की ओर से उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम मे इंडियन ऑयल कंपनी की ओर से डीजीएम पंकज कुमार उपस्थित हुए, जिन्होंने इंडियन ऑयल क्रमी और उपभोक्ताओं संग केंक काटकर कस्टमर डे को सलिब्रेट किया। डीजी एम ने कहा हर वर्ष नव जनवरी को इंडियन ऑयल कस्टमर डे मनाती है इस वर्ष हमलोग पंकज फिलिंग स्टेशन मे मना रहे हैं। समय-समय पर कस्टमर के लिए नई स्कीम लाते हैं जिससे कस्टमर हमसे जुड़ा रहे और अधिक से अधिक लाभ मिले।इसके बाद उन्होंने उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को कंपनी की ओर से सम्मानित किया। साथ ही कहा आज के ही दिन से इंडियन ऑयल एक लॉटरी का स्कीम चल रही है जिसमे बड़ा-बड़ा उपहार रखा गया है सभी उपभोक्ता इंडियन ऑयल से खरीदारी करे और स्कीम का लाभ ले। कार्यक्रम का संचालन इंडियन ऑयल क्रमी एमपी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रण अग्रवाल ने किया। मौके पर प्रो. अशोक कुमार शाह, हाजी अयूब अंसारी, रमजान अंसारी, अशोक अग्रवाल, राम सिंह, मंजूर अंसारी, धर्मेंद्र कुमार, सुबोध साहा, प्रवीन रंजन सहित अन्य मौजूद थे।

# फास्टफूड की दुकान में तोड़फोड़ के खिलाफ बिफरी विधायक रागिनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ थाना प्रभारी को जिम्मेदार ठहराया

▸▸ पुलिस के खिलाफ शिकायत करने को कहा



**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील सुरक्षा कर्मियों एवं जोड़ापोखर पुलिस के सहयोग से जामाडोबा 2 पिट्स मोड़ पर फास्टफूड की दुकान के शेड के तोड़फोड़ प्रकरण में झरिया विधायक रागनी सिंह पहुंची। उन्होंने लोगों से कहा कि यह पुलिस की ज्यादती है। थाना प्रभारी ने बगैर नोटिस तोड़फोड़ की है, जिससे दुकान संचालक डब्लू कुमार को एक लाख रुपये की क्षति हुई है।

उन्होंने घटना की जानकारी टाटा के अधिकारी, धनबाद एसएसपी को दी एवं मांग की कि ऐसे पुलिस पदाधिकारी पर अविलंब कार्रवाई करे, अन्यथा भाजपा आंदोलन करेगी। उन्होंने संचालक से कहा कि वरीय अधिकारियों को आवेदन लिखकर जबरन तोड़फोड़ की शिकायत करे। उनके साथ पूर्व पार्षद सुजीत कुमार सिंह, उमेश यादव, मुन्ना जयसवाल, राजेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

